# राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क चावल

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार ने जनवरी 2024 से [अंत्योदय अन्न योजना ]के तहत पात्र 67.92 लाख राशन कार्ड धारकों को **उचित मूल्य** की दुकानों के माध्यम से मुफ्त चावल देने की घोषणा की है।

- अंत्योदय अन्न योजना **लाखों गरीब परिवारों को कम कीमतों पर भोजन उपलब्ध कराने हेतु सरकार की प्रायोजित योजना है।**

## मुख्य बिंदु:

- यह योजना छत्तीसगढ़ [खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2013 ]के अंतर्गत **आगामी पाँच वर्षों के लिये** जनवरी 2024 से दिसंबर 2028 तक क्रियान्वित की जाएगी।
    - अधिनियम के तहत **अन्त्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन और एकल निराश्रित श्रेणी** के राशन कार्डधारकों को **निःशुल्क चावल** वितरित किया जाएगा।
- खाद्य विभाग के अनुसार **अंत्योदय श्रेणी में 14.92 लाख से अधिक राशन कार्डधारक हैं:**
    - 52.46 लाख प्राथमिकता श्रेणी से
    - एकल-निराश्रित श्रेणी से 37,708 तथा
    - 15,351 दिव्यांग श्रेणी से हैं।

- **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (NFSA):** यह गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को खाद्यान्न पर सब्सिडी प्रदान कर किफायती और अच्छी गुणवत्ता वाले भोजन तक पहुँच सुनिश्चित करता है।
- **उचित मूल्य की दुकानें (FPS):** यह भारत में एक सरकार द्वारा संचालित या सरकार द्वारा विनियमित खुदरा दुकान या स्टोर है।
    - इसका उद्देश्य जनता को आवश्यक वस्तुएँ, जैसे- खाद्यान्न, खाद्य तेल, चीनी और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं को रियायती या उचित मूल्य पर वितरित करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/free-rice-to-ration-card-holders